हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 1 अगस्त 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 तीन किमी तक ट्रैक्टर-ट्रॉली की लाइन, इंदौर...



07 'मानव तस्करी समूल नष्ट करना मुश्किल है लेकिन...



खबर संक्षेप

कृषि सचिव ने उपार्जन व्यवस्था की वीसी के माध्यम से की समीक्षा

सीहोर। कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवड़े ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में संचालित उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। सीहोर कलक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरु के. तथा कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय सहित सभी संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि किसानों से मूंग उपार्जन का लक्ष्य बढ़ाकर लगभग 60 प्रतिशत तक किया गया है। इसके अनुरूप पोर्टल पर बढ़ी हुई मात्रा अपडेट कर दी जाएगी। जिन किसानों द्वारा अपनी स्वीकृत मात्रा का विक्रय किया जा चुका है, वे पुनः स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे। वहीं जिन किसानों की आगामी स्लॉट बुकिंग पहले से निर्धारित है, उनकी बढ़ी हुई मात्रा स्वतः पोर्टल पर अपडेट हो जाएगी। बैठक में किसानों को सुगम एवं पारदर्शी उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराने, खाद की उपलब्धता, स्लॉट बुकिंग, उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं तथा स्टॉक प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-समय पर व्यापारियों के स्टाफ की भी चेकिंग की जाए।

दूषित पानी और मौसम के बदलाव से फैल रहीं बीमारियां, ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे औसतन 1000 से ज्यादा मरीज

मौसमी बीमारियों का कहर: जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ी भीड़, जुलाई में 35 हजार पहुंचे

लगभग 15 लाख से अधिक आबादी वाला सीहोर जिला चार विधानसभा क्षेत्र बुदनी, आष्टा, सीहोर और इछावर में बंटा हुआ है। जिले में नौ नगरीय निकाय हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भर्ती मरीजों की संख्या

तारीख	ओपीडी	भर्ती मरीज
22 जुलाई	1016	118
23 जुलाई	1197	111
24 जुलाई	1341	99
25 जुलाई	1474	117
26 जुलाई	549	86
27 जुलाई	1505	145
28 जुलाई	1386	134
29 जुलाई	940	87

मानसून के साथ ही जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। कभी तेज गर्मी-उमस तो कभी झमाझम बारिश के कारण मौसम में आ रहे लगातार बदलाव से लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इस बदलते मौसम का सीधा असर जिले के मुख्य जिला अस्पताल की ओपीडी पर देखने को मिल रहा है, जहां मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

जिला अस्पताल प्रशासन से मिले आंकड़ों के मुताबिक अकेले जुलाई महीने में ही 35 हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंच चुके हैं। स्थिति यह है कि रोजाना औसतन 1000 से 1500 तक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी दिनभर में मरीजों ने अपना पंजीयन कराया और डॉक्टरों से परामर्श लिया।

15 लाख की आबादी का मुख्य सहारा जिला अस्पताल

बता दें लगभग 15 लाख से अधिक आबादी वाला सीहोर जिला चार विधानसभा क्षेत्र बुदनी, आष्टा, सीहोर और इछावर में बंटा हुआ है। जिले में कुल नौ नगरीय निकाय हैं। यूं तो जिले के सभी तहसीलों में सामुदायिक व सिविल अस्पताल मौजूद हैं, लेकिन मुख्य और बड़ा चिकित्सालय जिला मुख्यालय पर ही स्थित है। यही वजह है कि पूरे जिले से गंभीर और जटिल मरीजों को इलाज के लिए इसी जिला अस्पताल में रेफर किया जाता है।

मेडिसिन विभाग में सबसे ज्यादा भीड़

जुलाई में आए 35 हजार मरीजों के आंकड़ों की बात करें तो सबसे बुरा हाल मेडिसिन विभाग का है। अकेले इस विभाग में 13 हजार 324 मरीज पहुंचे। इनमें से 8 हजार से अधिक मरीज सीधे तौर पर दूषित पानी और मौसम के उतार-चढ़ाव से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित पाए गए। राहत की बात यह है कि फिलहाल डेंगू और मलेरिया का कोई गंभीर या जानलेवा मामला सामने नहीं आया है।

हालांकि सर्दी-जुकाम, तेज बुखार, खांसी, टॉन्सिल, साइनस और कान के इंफेक्शन के मामले तेजी से बढ़े हैं। इसके अलावा दूषित खान-पान के कारण उल्टी-दस्त, पेचिश, पीलिया और टाइफाइड के मरीज भी लगातार अस्पताल पहुंच रहे हैं।

सीएमएचओ ने जारी की एडवाइजरी

बढ़ती बीमारी और मरीजों की संख्या को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डहेरिया ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रख दिया है। जिले के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उबला पानी पीएं: हमेशा साफ व स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें। पानी में संदेह होने पर उसे उबालकर, छानकर या क्लोरीन की गोली मिलाकर 1 घंटे बाद ही पीएं।

हाथों की सफाई: खाना बनाने, परोसने, खाने से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद साबुन से हाथ अच्छे से धोएं।

ताजा भोजन लें: बासी खाने से बचें। कटे हुए फल, खुले में बिकने वाली चाट-पकौड़ी और ज्यादा ठंडे पेय पदार्थों के सेवन से परहेज करें।

स्वच्छता रखें: भोजन को हमेशा ढककर रखें ताकि मक्खियां न बैठें। घर और आसपास पानी जमा न होने दें व साफ सफाई बनाए रखें।

कक्षा 9वीं की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

रायसेन निवासी आरोपी पर 4500 रुपए का जुर्माना भी लगा

सीहोर। नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने के मामले में सीहोर की विशेष पॉक्सो अदालत ने फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने आरोपी दीवान नायक निवासी ग्राम चिलवाहा थाना सुल्तानपुर जिला रायसेन को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़िता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसे 1 लाख रुपए का प्रतिकर दिए जाने का आदेश भी जारी किया है।



अभियोजन के अनुसार 22 मई 2024 को पीड़िता के पिता ने शाहगंज थाने में उपस्थित होकर अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी (कक्षा 9वीं की छात्रा) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पीड़िता के पिता ने बताया था कि 21 मई की रात 2 बजे तक बेटी घर पर सो रही थी, लेकिन सुबह 5.30 बजे जब वे खेत जाने के लिए उठे तो वह बिस्तर पर नहीं थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और एक जून 2024 को पीड़िता को बरामद कर लिया।

दोस्ती का झांसा देकर दिया वारदात को अंजाम

बरामदगी के बाद पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि आरोपी दीवान नायक रायसेन का रहने वाला है और उसके गांव में ट्रैक्टर चलाने आता था। आरोपी मोबाइल चार्ज करने पीड़िता के घर आता था, जिससे दोनों के बीच जान-पहचान और बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया। 19 मई 2024 की दोपहर जब घर पर कोई नहीं था, आरोपी पीड़िता को अपने साथ ले गया और उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

अपहरण कर बार-बार किया दुष्कर्म

इसके बाद 21 मई की रात 2 बजे आरोपी पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। डोबी से बस द्वारा भोपाल ले जाकर एक कमरे में रखा, जहां उसने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ कई बार दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी उसे अपने गांव चिलवाहा के पास छोड़कर भाग निकला।

स्कूल से जब्त किए दस्तावेज

मामले की गंभीरता को देखते हुए शाहगंज पुलिस ने पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया, स्कूल से आयु संबंधी दस्तावेज जब्त किए और जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया। पीड़िता के धारा 164 के तहत कोर्ट में बयान कराए गए। पुलिस ने 7 जून 2024 को आरोपी दीवान नायक को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। अदालत में उपनिदेशक विवेक गौड़ के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक आशीष त्यागी और रेखा यादव ने शासन की ओर से पैरवी की। पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 4500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

हनुमान मंदिर हटाने की आशंका पर ग्रामीणों का चक्काजाम, सीहोर में सड़क निर्माण का विरोध

ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन की चेतावनी दी




सीहोर। सड़क निर्माण कार्य के दौरान दिगबाड़ स्थित हनुमान मंदिर को स्थानांतरित किए जाने की आशंका के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सीहोर-रायसेन जिले की सीमा पर हुआ।

चक्काजाम लगभग दो घंटे तक चला, जिसके बाद ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीके से आवागमन बहाल कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा और मंदिर को यथावत रखने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे अगले दिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक फिर से चक्काजाम करेंगे। उनका कहना है कि हनुमान मंदिर उनकी आस्था का केंद्र है और इसे किसी भी स्थिति में हटाया या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि मंदिर अपने वर्तमान स्थान पर ही रहेगा तथा इससे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चक्काजाम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और बाहर से आए साधु-संत मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सड़क निर्माण कार्य मंदिर की धार्मिक गरिमा और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए किया जाए।

मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक

सीहोर। शहर के मुरली रोड पर गुरुवार दोपहर एक मकान में अचानक आग लग गई। इस हादसे में घर के भीतर रखा टीवी, दो कूलर, टीवी स्टैंड, कंडे रखने का ड्रम और बिस्तर जलकर पूरी तरह स्वाहा हो गए। गनीमत रही कि समय रहते मकान के भीतर बंधी तीन गायों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में पीड़ित मकान मालिक का लगभग 60 से 70 हजार रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है।





जानकारी के अनुसार बड़ी ग्वालटोली निवासी संतोष यादव का एक मकान मुरली रोड पर स्थित है, जिसका उपयोग वे मवेशी बांधने और सामान रखने के लिए करते हैं। गुरुवार शाम लगभग 4 बजे उनके परिचित देवीलाल यादव ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि मुरली रोड स्थित उनके मकान से भारी धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही संतोष यादव अपने बेटे आलोक यादव और बेटियों (खुशी व निशा यादव) के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने मकान का दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। कमरे के भीतर रखी सामग्री धूं-धूं कर जल रही थी।

मवेशियों को सुरक्षित निकाला

आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के रहवासी भी मौके पर एकत्र हो गए। पीड़ित परिवार ने बिना समय गंवाए सबसे पहले मकान के भीतर बंधी अपनी तीन गायों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद तुरंत फयर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

आग लगने का कारण अज्ञात

पीड़ित संतोष यादव ने बताया कि आग किन कारणों से लगी, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। हादसे में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, बिस्तर और अन्य सामग्री जलने से लगभग 60 से 70 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित की सूचना पर मंडी थाना पुलिस ने आगजनी की कायमी कर ली है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की उठाई मांग

शिक्षा व्यवस्था में सुधार और नीट अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय विद्यार्थी मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में देशभर के विद्यार्थियों, युवाओं एवं नागरिकों की ओर से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, नीट-यूजी परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

छात्रा प्रकोष्ठ की रंजना मालवीय ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कताया कि नीट-यूजी परीक्षा में सामने आई गंभीर अनियमितताओं और कथित धांधली ने देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य एवं शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। संगठन का कहना है कि केवल शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि पूरे मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कर वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह केवल किसी एक व्यक्ति की जवाबदेही का विषय नहीं, बल्कि देश की परीक्षा प्रणाली, शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता तथा करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय महत्व का मुद्दा है। इसलिए सरकार को शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। संगठनों ने ज्ञापन के माध्यम से कई प्रमुख मांगें रखीं।

इनमें नीट परीक्षा प्रणाली की समीक्षा कर युएआईआईएमएस की निगरानी में पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करना, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय समीक्षा, नीट एवं एसएससी (सीजीएल) सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं पर प्रभावी रोक, वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीइटी की अनिवार्यता समाप्त करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 की समीक्षा, छात्राओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने, देश में समान शिक्षा व्यवस्था एवं समान शुल्क नीति लागू करने तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की लगभग 52 प्रतिशत कम की गई सीटों को पुनः बहाल करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। ज्ञापन में जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने तथा आंदोलन के दौरान छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की मांग भी की गई। अंत में भारतीय विद्यार्थी मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा ने सरकार से सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया, ताकि देश के विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित हो, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़े और जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो।

रंजना मालवीय ने आगे बताया कि मांगें पूर्ण नही की गई तो आगामी 20 अगस्त 2026 को जिला मुख्यालय पर दूसरे चरण में व्यापक रूप से धरना प्रदर्शन किया जावेगा। ज्ञापन सौपंने वालों में प्रमुख रूप से रंजना मालवीय, अलका मेवाड़ा, बी.एस.भदोरिया राष्ट्रीय मूलनिवासी दिव्यांग संघ प्रदेश अध्यक्ष, धनसिंह मालवीय, जितेन्द्र मालवीय बहुजन मुक्ति पार्टी जिलाध्यक्ष, महेन्द्र मेवाड़ा, पंकज वर्मा, देवेन्द्र कुशवाह, जनमसिंह परमार, धूलसिंह धम्म पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बहुन मुक्ति पार्टी इछावर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ब्लू बर्ड स्कूल के 15 विद्यार्थी एसजीएफआई संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित



सीहोर। ब्लू बर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस शानदार उपलब्धि के परिणामस्वरूप विद्यालय के 15 छात्र-छात्राओं का चयन एसजीएफआई संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

इस प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में बालिकाओं से हिमांशी राठी, अर्पिता तिवारी, शिवांशी राठौर और दिव्यांका राठौर का चयन हुआ है। वहीं बालकों से रुद्रांश विश्वकर्मा, शिवांश राठौर और आदम्य सिंह पटेल ने स्थान बनाया। अंडर-17 वर्ग में बालिकाओं से ऋतिका नेहलानी, पावनी शांडिल्य और नियति राठौर तथा बालकों से दिव्यांश राठौर चयनित हुए। अंडर-19 वर्ग में बालिकाओं से वंशिका निगोदिया और तनिशी बेदी तथा बालकों से भव्य जायसवाल और आराध्य शर्मा ने अपनी जगह सुनिश्चित की।

इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमी शैलेंद्र चंदेल, शतरंज कोच महेंद्र शर्मा, वेदांश उपाध्याय सहित विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है। यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि सीहोर जिले के खेल जगत में भी नई ऊर्जा का संचार करेगी।

खबर संक्षेप



स्वदेशी-विदेशी वस्तुओं की सूची का विमोचन

सीहोर। सीहोर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर के जन्म दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच सीहोर का स्वदेशी-विदेशी वस्तुओं की सूची का पोस्टर का विमोचन प्रिंस राठौर द्वारा अपने जन्म दिन पर किया गया। इस अवसर पर मंच के क्षेत्र विचार विभाग प्रमुख अरुषेन्द्र शर्मा ने बड़ी संख्या में उपस्थित जनों को स्वदेशी के महत्व ,प्रासंगिता, के बारे में बताया,साथ ही 1 अगस्त से 20 अगस्त तक चलने वाले मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान के बारे में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी उपस्थित जनों से 1 अगस्त से प्रारंभ होने वाले मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान से जुड़ने का आव्हान किया। इस अवसर पर मंच के नगर संयोजक प्रदीप राठौर,संपर्क प्रमुख भारत सिंह सिसोदिया, हुकुम सिंह, यश गिरोठिया, अनिल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जिपं सीईओ ने किया मत्स्यबीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण

सीहोर। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जामोनिया स्थित मत्स्यबीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय नर्सरी एवं चाइनीज हैचरी में संचालित मत्स्यबीज उत्पादन कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को उत्पादन की गुणवत्ता एवं क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के स्थानीय मत्स्य पालकों को बेहतर गुणवत्ता का मत्स्यबीज समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें निजी स्त्रोतों पर निर्भर न रहना पड़े और जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने मत्स्यबीज उत्पादन में आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया, जिससे सीहोर जिला मत्स्यबीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि विभागीय मत्स्यबीज प्रक्षेत्र में मछली का बीज उपलब्ध है।

मूंग खरीदी: स्लॉक बुकिंग की समय सीमा बढ़ते ही खरीदी केंद्रों पर उमड़ने लगी किसानों की भीड़

तीन किमी तक ट्रैक्टर-ट्रॉली की लाइन, इंदौर-भोपाल रोड पर लगा जाम, एम्बुलेंस-स्कूल बस तक फंसी

सबसे ज्यादा परेशानी तब हुई जब एम्बुलेंस, स्कूल बस और यात्री बसें भी इस जाम में फंस गईं। कई बसें समय पर अपने स्टॉप तक नहीं पहुंच सकीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैरुंदा





मूंग खरीदी को लेकर सरकार के फैसले का असर अब जमीन पर साफ नजर आने लगा है। जैसे ही प्रति एकड़ खरीदी की सीमा बढ़ाई गई और स्लॉट बुकिंग की तारीख 10 अगस्त तक बढ़ाई गई, वैसे ही खरीदी केंद्रों पर किसानों की भीड़ अचानक बढ़ गई। जिन केंद्रों पर कुछ दिन पहले तक सन्नाटा था, वहां अब ट्रैक्टर-ट्रॉली की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं।

गुरुवार से शुरू हुई भीड़ शुक्रवार को और ज्यादा बढ़ गई। राला से लेकर नंदगांव तक सड़क के दोनों ओर ट्रैक्टर-ट्रॉली की लाइन लग गई। 2 से 3 किलोमीटर तक पहुंच गई। इस वजह से इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। वाहन धीरे-धीरे रेंगते नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी तब हुई जब एम्बुलेंस, स्कूल बस और यात्री बसें भी इस जाम में फंस गईं। कई बसें समय पर अपने स्टॉप तक नहीं पहुंच सकीं।

दो-दो दिन तक करना पड़ रहा इंतजार : खरीदी केंद्रों पर किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। तिलाड़िया के किसान नरेंद्र राजपूत ने बताया कि वे गुरुवार दोपहर से लाइन में लगे हुए हैं, लेकिन रोजाना केवल 20से 25 किसानों की ही खरीदी हो पा रही है। ऐसे में कई किसानों को अपनी बारी आने के लिए 2-2 दिन तक सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ रहा है। गर्मी और असुविधा के बावजूद किसान मजबूरी में वहीं डटे हुए हैं।

सरकार के फैसले से बदला रुख, केंद्रों पर किसानों की बड़ी संख्या

दरअसल, पहले सरकार ने प्रति एकड़ सिर्फ 1.20 क्विंटल मूंग खरीदी की सीमा तय की थी। इससे किसान नाराज थे और उन्होंने इसका विरोध भी किया था। किसानों का कहना था कि इतनी कम मात्रा में फसल बेचने से उन्हें नुकसान होगा। इसके बाद सरकार ने फैसला बदलते हुए खरीदी सीमा बढ़ाकर करीब 3 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी और खरीदी प्रतिशत भी 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया। इस फैसले के बाद किसानों ने तेजी से खरीदी केंद्रों का रुख किया।

आम लोगों की परेशानी बढ़ी

खरीदी केंद्रों के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली के कारण मुख्य सड़क पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पाए, स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहे और आम राहगीरों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में वाहनों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे स्थिति बिगड़ गई।

ग्रेडिंग के नाम पर वसूली के आरोप

इधर किसानों ने खरीदी केंद्रों पर अवैध वसूली के आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि वेयरहाउस संचालक ग्रेडिंग के नाम पर 20 से 50 रुपए प्रति क्विंटल तक वसूल रहे हैं। जो प्रति दिन हजारों की राशि तक वसूल रहे हैं।कई किसानों को यह कहकर पैसे देने के लिए मजबूर किया जा रहा है कि ग्रेडिंग अनिवार्य है, जबकि इस बारे में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए हैं। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है।

जिले में बड़ी संख्या में किसान बाकी : जिले के आंकड़ों पर नजर डालें तो अभी बड़ी संख्या में किसानों की खरीदी होना बाकी है। जिले में अब तक 31,842 किसानों ने पंजीयन कराया है, लेकिन इनमें से केवल 5,222 किसान ही अपनी उपज बेच पाए हैं।

कुल 3,659.50 मीट्रिक टन मूंग की खरीदी हुई है। अभी भी 26,620 किसानों की उपज खरीदी जाना बाकी है। वहीं गुरुवार तक 20,154 किसानों ने स्लॉट बुकिंग करा ली है। जिले में कुल 41 खरीदी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जब इस मामले में कृषि विभाग के ब्लॉक विस्तार अधिकारी राज साहब से मूंग खरीदी व स्लॉट बुकिंग की जानकारी लेने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कहा कि डाटा जिला स्तर जानकारी उपलब्ध होंगी और उनके पास इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है।

पुराने किसानों को भी मिलेगा लाभ

कृषि विभाग के अनुसार जिन किसानों की पहले 1.20प्रति एकड़ क्विंटल की कम मात्रा में खरीदी हुई है, उनकी शेष उपज अब नई सीमा के अनुसार खरीदी जाएगी। ऐसे किसानों की स्लॉट बुकिंग सिस्टम के जरिए आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि उन्हें भी बढ़ी हुई सीमा का लाभ मिल सके।

अधिकारी-कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, उनका अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

सीहोर। नगर पालिका परिषद में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले तीन कर्मचारियों के सम्मान में शुक्रवार को भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, बल्कि उनकी कार्यशैली, अनुभव और सेवा भावना समाज के लिए हमेशा प्रेरणा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा से सेवा देने वाले कर्मचारियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।



समारोह में करीब 42 वर्षों तक लिपिक के रूप में सेवाएं देने वाले करण सिंह, 30 वर्षों से अधिक समय तक पंप अटेंडर के रूप में कार्यरत रहे परम उपाध्याय तथा नगर पालिका के उद्यान पार्क में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले मांगीलाल शाक्य को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और कार्यनिष्ठा नई पीढ़ी के कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शहर के विकास के साथ-साथ कर्मचारियों के हितों के प्रति भी सदैव संवेदनशील और समर्पित रहे हैं। विदाई समारोह के अंत में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा किए और नगर पालिका परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी इकाई अध्यक्ष भगवान दास राजपूत, विष्णु प्रसाद मीणा विजय कोहली, चंद्र प्रकाश राठौड़, करण सिंह ठाकुर, विश्वेंद्र सिंह बेस, प्रकाश चंद्रवंशी, प्रकाश पंवार, संजय रघुवंशी, बाबूलाल वर्मा, कमोड सिंह आदि मौजूद थे।

विश्व मानव तस्करी रोकथाम दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। विश्व मानव तस्करी रोकथाम दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस तथा विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सीहोर रेलवे स्टेशन पर बाल संरक्षण एवं मानव तस्करी रोकथाम के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस दौरान नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता गीतों के माध्यम से यात्रियों एवं आमजन को बाल तस्करी, बाल संरक्षण तथा बच्चों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया।

नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बाल तस्करी एक जघन्य एवं गंभीर अपराध है तथा समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि किसी भी संदिग्ध परिस्थिति में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें। नागरिकों से अपील की गई कि यदि किसी बच्चे के साथ संदिग्ध गतिविधि, जबरन श्रम, अवैध परिवहन अथवा तस्करी की आशंका दिखाई दे तो तत्काल पुलिस-112, रेलवे सुरक्षा बल अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देकर बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें। इस दौरान संयुक्त दल द्वारा बाल भिक्षावृत्ति करते हुए 06 बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास की कार्यवाही भी की गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मानसिंह सेन, सदस्य रवि राठौर, श्रम निरीक्षक अजय शाह, रेलवे निरीक्षक देवेश गोहलानी, सुमित गौर, दीपक राठौर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रह।

बसपा ने कमलेश को दी प्रदेश की जिम्मेदारी, बनाया प्रभारी, कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया । नियुक्ति को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जिले के बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनके निवास पर पहुंचे, जहां पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

बसपा नेताओं ने कहा कि कमलेश कुमार को प्रदेश प्रभारी बनाए जाने से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पार्टी गांव-गांव तक अपने संगठन का विस्तार करेगी और बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बसपा जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने योग्य और अनुभवी कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रभारी अनोखीलाल मालवीय, एन.पी. सागर, जिला महासचिव नरसिंह भारती, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम बौद्ध, जिला कार्यकारिणी सदस्य कोमल नागर एवं धनराज थरेले, विधानसभा प्रभारी अर्जुन पैरवाल, विनोद चौहान, नवीन भैरवे, विधानसभा अध्यक्ष धीरप अहिरवार, पूर्व विधानसभा प्रभारी लक्ष्मीनारायण अहिरवार, विधानसभा कोषाध्यक्ष थानसिंह अहिरवार, कमल कौरवे, देवराज मालवीय, राकेश बौद्ध, धर्मेंद्र कचनेरिया, नगर अध्यक्ष रामस्वरूप भारती, बलराम पैठारी, अर्जुन बौद्ध, जगदीश पैठारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल सीहोर का किया निरीक्षण, बंदियों की समस्याएं सुनीं

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को जिला जेल सीहोर का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में पौधारोपण किया तथा विधिक जागरूकता शिविर में शामिल होकर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी।



निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल की प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिवक्ता नियुक्ति, अपील, जमानत आवेदन, जमानत स्वीकृत होने के बावजूद जेल में निरुद्ध बंदियों तथा सजा पूरी होने के बाद भी जेल में रह रहे बंदियों से जुड़े मामलों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जेल की पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, मुलाकाती लीगल एड हेल्प डेस्क, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल, बंदियों के बैरक, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सकों की उपलब्धता, बीमार बंदियों के उपचार और दवाओं की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। साथ ही बंदियों के भोजन, पोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उनके प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों के प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, जमानत आवेदनों की प्रगति और अन्य विधिक प्रक्रियाओं की जानकारी संबंधित अधिवक्ताओं से लेकर बंदियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि उन्हें समय पर विधिक सहायता मिल सके। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, जेलर दिलीप नायक तथा अन्य अधिकारी एवं बंदी उपस्थित रहे।

किसानों को सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम व स्मार्ट खेती की दी जानकारी

सौर ऊर्जा से सिंचाई से लेकर अतिरिक्त आय तक खुलेंगे नए अवसर : डॉ. राजकुमार मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा केवल बिजली का विकल्प नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक मजबूती और ऊर्जा आत्मनिर्भरता का प्रभावी माध्यम बन रही है। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत पाड़लिया राम में आयोजित सौर कृषि यंत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानों को सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम, ऊर्जा प्रबंधन, सौर कृषि उपकरणों तथा स्मार्ट खेती की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि बदलते समय में खेती को लाभकारी बनाने के लिए किसानों को आधुनिक तकनीकों के साथ स्वच्छ ऊर्जा आधारित कृषि प्रणाली अपनानी होगी। उन्होंने बताया कि सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम से किसान सिंचाई के लिए निर्बाध और कम लागत वाली ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं, जिससे डीजल एवं पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम होने के साथ उत्पादन लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है।



डॉ. मालवीय ने कहा कि आधुनिक सौर कृषि उपकरणों के उपयोग से ऊर्जा की बचत के साथ खेती अधिक वैज्ञानिक, दक्ष और टिकाऊ बनती है। यदि किसान सौर ऊर्जा आधारित तकनीकों को अपनाते हैं तो वे कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि खेतों में स्थापित ग्रिड से जुड़े सोलर सिस्टम से आवश्यकता से अधिक उत्पन्न बिजली को विद्युत ग्रिड में बेचकर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। इससे खेती केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ऊर्जा उत्पादन का भी माध्यम बनेगी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम की स्थापना, संचालन, रखरखाव, ऊर्जा प्रबंधन, सुरक्षा मानकों तथा सौर कृषि उपकरणों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आधुनिक स्मार्ट खेती, डिजिटल मॉनिटरिंग, स्वचालित सिंचाई प्रणाली तथा भविष्य की तकनीक आधारित कृषि की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. मालवीय ने कहा कि विज्ञान, तकनीक और नवाचार के समन्वय से ही कृषि को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाया जा सकता है। किसानों को समय के साथ नई तकनीकों को अपनाने के लिए आगे आना होगा, तभी खेती की लागत घटेगी, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और आय में स्थायी वृद्धि संभव हो सकेगी। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने सौर ऊर्जा आधारित कृषि तकनीकों के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए इन्हें अपने खेतों में अपनाने की इच्छा जताई। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान एवं तकनीक आधारित कृषि को बढ़ावा देना, किसानों को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें नए आर्थिक अवसरों से जोड़ना है।

डॉ. राजकुमार मालवीय ने किसानों से आह्वान किया कि वे सौर ऊर्जा आधारित कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और लाभकारी बनाएं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है और यही तकनीक किसानों की समृद्धि का मजबूत आधार बनेगी।

गुरु रविदास ने समरसता, समानता, प्रेम और मानवता का जो संदेश समाज को दिया, वो सबका प्रेरणास्त्रोत है: पंकज गुप्ता

सीहोर। नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के मंदिर पहुंचकर उनकी 650वीं जन्मजयंती वर्ष के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा दीप प्रज्वलन, आरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित कर संत गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।



इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि गुरु रविदास ने समरसता, समानता, प्रेम और मानवता का जो संदेश समाज को दिया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आइए, उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएं।

इस अवसर पर भाजपा कार्यालय आशीष पचौरी, पूर्व महामंत्री रवि नागले, सनी जाटव,नरेंद्र बनवैया डॉ गगन नामदेव अनुराग मिश्रा शुभम राठौर निर्देश पाटीदार नीरज जाटव, हर्ष ताम्रकार, सुनील राय तुषार सोनी घनश्याम सेन राहुल राठौर सचिन महोविया टीटू कचनेरिया सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



क्षेत्र के ग्राम भवानीपुरा में 19 वर्षीय बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार भवानीपुरा निवासी विकास पिता जगदीश ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल सारंगपुर के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान परिजनों एवं अन्य संबंधित लोगों के बयान लिए जा रहे हैं, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

गायों को हादसों से बचाने बांधे रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़



इन दिनों विभिन्न आंतरिक मार्गों समेत हाईवे पर बैठा गोवंश अमूमन रोजाना दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। रात्रि के समय सड़कों पर बैठी गायें वाहन चालकों को नजर नहीं आ पाती हैं और वे दुर्घटना का शिकार हो जाती हैं। अकेले राजगढ़ क्षेत्र में बीते एक पखवाड़े में कई गायों की दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है। ऐसे में गोवंश की सुरक्षा के लिए नवयुवा गोरक्षा सेवा समिति की युवा टीम द्वारा पहल करते हुए प्रतिदिन गायों के गलों पर रेडियम बेल्ट बांधे जा रहे हैं। रेडियम लगा होने से वे वाहन चालकों को दूर से ही नजर आ जाएंगी और दुर्घटना का शिकार होने से बच जाएंगी। समिति सदस्यों ने बताया कि अभी तक करीब डेढ़ सौ गौवंश के रेडियम लगाने का कार्य टीम द्वारा किया जा चुका है। आने वाले दिनों में भी उक्त कार्य इसी तरह जारी रहेगा।

विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर पुलिस की कार्यशाला आयोजित

'मानव तस्करी समूल नष्ट करना मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं'



विभिन्न विभाग के अधिकारियों सहित फील्ड वर्कर, आंगनबाड़ी अमला रहा मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से ही इस गंभीर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। जब तक समाज में जागरुकता नहीं आएगी हम मानव तस्करी के दंश को समूल नष्ट नहीं कर पाएंगे। काम मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं है। उक्त बात विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर मानव तस्करी की रोकथाम के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजगढ़ एसडीओपी अरविंद दिवाकर ने कही। वर्ष 2026 की वैश्विक थीम टैप्ड बिहाहिंड जीम स्केम (धोखाघड़ी के जाल में फंसे लोग) पर आधारित उक्त जागरुकता आयोजन में मानव तस्करी के बदलते स्वरूप, इसके कारणों, रोकथाम एवं समूल खात्मे के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे ने मानव तस्करी से जुड़े अपराधों की प्रकृति, कानूनी प्रावधानों तथा ऐसे मामलों में की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा में मानव तस्करी से संबंधित विभिन्न कानूनी धाराओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस अपराध की रोकथाम के लिए समय पर सूचना और समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

भिक्षावृत्ति के लिए भी हो रही मानव तस्करी

महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान ने बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति तथा बच्चों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। वहीं विशेष किशोर पुलिस इकाई की प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मानव तस्करी की घटनाओं की पहचान, बचाव के उपाय और विभागीय कार्यप्रणाली उपस्थित अधिकारियों एवं फील्ड वर्करों से सांझा की।

सामाजिक संस्था पदाधिकारी ने दी अहम जानकारी

कार्यशाला के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की ओर से मनीष दांगी ने अपने जमीनी अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में अनेक बच्चे और युवा प्रेम प्रसंग, पारिवारिक तनाव, सामाजिक दबाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा अन्य परिस्थितियों के कारण मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बंधुआ मजदूरी, बाल विवाह, जबरन विवाह, झगड़ा प्रथा, बाल तस्करी एवं मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इन अपराधों की रोकथाम केवल कानून से नहीं, बल्कि जागरूक समाज, संवेदनशील समुदाय और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। कार्यशाला में एडिशनल एसपी के. एल. बंजारे, एसडीओपी अरविंद राठौर, आरआई उर्मिला चैहान, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान, महिला थाना प्रभारी कुसुम वास्कले, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की टीम, युवा वॉलेंटियर, युवा विकास टीम तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अगले माह अयोध्या सेंट्रल बैंक में होंगे जमा

कपिलेश्वर राम नाम बैंक में प्रतिदिन लिख रहे है राम नाम, 5 करोड़ जमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल द्वारा कपिलेश्वर तीर्थ स्थल पर अखंड रामायण गोशाला एवं पर्यावरण को लेकर वृक्षारोपण के साथ ही राम नाम बैंक प्रारंभ की गई भगवान आदि देव भूत भावन श्री कपिलेश्वर की असिन कृपा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के अनुग्रह एवं संकट मोचन हनुमान जी महाराज की अनुपम कृपा से कपिलेश्वर तीर्थ धाम की महिमा लगातार मालवा क्षेत्र सहित संपूर्ण भारत वर्ष में बढ़ती गई कपिलेश्वर तीर्थ क्षेत्र पुण्य क्षेत्र के रूप में परिवर्तित हो रहा है इसी श्रृंखला में कपिलेश्वर तीर्थ पर स्थित रामायण मंदिर में राम नाम बैंक की स्थापना की गई अभी तक बैंक में 5 करोड़ से अधिक राम नाम जमा हो चुके हैं और यह सिलसिला प्रतिदिन चल रहा है भक्त प्रतिदिन आते हैं और राम नाम लिखकर बैंक में जमा करते हैं समिति के अध्यक्ष कुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि सतत राम नाम का लेखन शुरू है अब तक करोड़ों राम नाम इस बैंक में जमा हो चुके हैं वहीं कपिलेश्वर तीर्थ विकास समिति के सचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि कलयुग में केवल राम नाम ही एक सहारा है रामायण में भी तुलसीदास जी ने लिखा है कलयुग केवल नाम आधारा ,,, सुमरी सुमरी नर उतरही पारा,,, इसलिए खाते पीते सोते जागते राम का नाम ले और फुर्सत के समय में राम नाम लिखकर राम- नाम बैंक में जमा करें समिति की ओर से निर्णय लिया है कि श्रावण माह के बाद राम नाम बैंक में जमा राम नाम को इकट्ठा करके अयोध्या की राम-राम सेंट्रल बैंक में राम नाम जमा कराए जाएंगे इसके लिए सभी धर्म प्रेमी राम नाम लिखने वाले राम नाम लेखन में अपनी सहभागिता प्रदान करते जाएं ताकि मानव जीवन का कल्याण हो एवं धर्म की रक्षा होती रहे जो मानव धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसकी रक्षा करेगा इसी संकल्प को साकार करने के लिए राम नाम बैंक संचालित है।

आखिरी सांसों के साथ छोड़ गया गुनहगारों के नाम

हनुमान मंदिर से लौट रहे युवक की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर





कानून और इंसानियत को ठेंगा दिखाते हुए राजगढ़ जिले के माचलपुर से करीब एक किलो मीटर दूर पिपल्या कुल्मी रोड पर एक ऐसी जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार की रात माचलपुर-पिपल्या कुल्मी मार्ग पर एक असहाय और मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ब्राह्मण गांव निवासी बालचंद दांगी (35 वर्ष) के रूप में हुई है, इस पूरे मामले में हैरान करने वाली बात यह है कि दम तोड़ने से चंद मिनट पहले,असहनीय दर्द के बीच पीड़ित ने अपनी कांपती आवाज में जिन हमलावरों के नाम उगले,वह वीडियो अब अपराधियों की तकदीर का फैसला करेगा।

अंधेरे का फायदा उठाकर घेरा, बिना वजह बरपाया कहर

प्रत्यक्षदर्शियों और जमीनी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,बालचंद बुधवार शाम को माचलपुर स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेकने गए थे ग्रामीणों का कहना है कि प्राय बालचंद देव दर्शन करता रहता था। जब वह मंदिर से दर्शन कर रात करीब 8 बजे जब वह बिल्कुल निहत्थे पैदल ही अपने गांव लौट रहा था,तभी कस्बे से कुछ ही दूरी पर बैठे हमलावरों ने उन्हें दबोच लिया। परिजनों का सीधा आरोप है कि गांव के ही ओमप्रकाश दांगी ने अपने दो रिश्तेदारों गिरिराज दांगी और मुकेश दांगी निवासी देवनगर, राजस्थान के साथ मिलकर बालचंद को रोका और बिना किसी तात्कालिक रंजिश या विवाद के उन पर लाठियों और घूंसों की बरसात कर दी। हमलावरों का क्रूर चेहरा इस बात से साफ होता है कि उन्होंने सीधे युवक के चेहरे, आंख और सीने को निशाना बनाया, जिससे वह अधमरी हालत में सड़क पर ही गिर गया।

राहगीरों ने जब लहूलुहान हालत में युवक को देखा,तो तत्काल डायल-112 को सूचना दी गई जिस पर घायल युवक को माचलपुर पुलिस लाई। अस्पताल में जब परिजन पहुंचे,तो बालचंद की एक आंख सूजकर काली हो चुकी थी और मुंह से लगातार खून बह रहा था। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के दौरान, बालचंद ने अपनी आखिरी ताकत बटोरी और इशारों व लड़खड़ाती जुबान में तीनों आरोपियों के नाम साफ-साफ कह दिए। परिजनों ने सूझबूझ दिखाते हुए इस बेहद नाजुक पल का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जिसे कानून की भाषा में डाइंग डिक्लेरेशन (मृत्यु पूर्व कथन) कहा जाता है,कोर्ट में इस सबूत की अहमियत सबसे ऊपर होती है। गंभीर अंदरूनी चोटों और अत्यधिक खून बह जाने के कारण माचलपुर के डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल राजगढ़ के लिए रेफर कर दिया। परिजन आपातकालीन स्थिति में बालचंद को लेकर जिला मुख्यालय भागे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था, रास्ते में ही बालचंद के प्राण पखेरू उड़ गए। गुरुवार सुबह पुलिस बल की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम संपन्न हुआ और शव को परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस की तत्परता से तीनों आरोपी की हुई गिरफ्तारी

इस हत्याकांड के बाद ब्राह्मण गांव में पसरे आक्रोश को देखते हुए माचलपुर थाना पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई। थाना प्रभारी आदित्य सोनी के नेतृत्व में गठित टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी ओमप्रकाश दांगी, गिरिराज दांगी और मुकेश दांगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके तुरंत बाद, तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

वर्कआर्डर जारी होने के बाद 5 महीने बीते

वार्ड-8 में सड़क व रिटेनिंग वॉल का मामला, निर्माण कार्य आरंभ न करने पर ठेकेदार को अल्टीमेटम दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय वार्ड क्रमांक-8 में पुरानी कोतवाली के नीचे छारबाग क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल एवं सीसी सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा गत फरवरी माह में एक ठेकेदार को काम सौंपा गया था। नगर पालिका ने उक्त कार्य करने की समय सीमा छह माह निर्धारित की थी लेकिन वर्कआर्डर(कार्यादेश) जारी होने के 05 महीने बाद भी निर्माण एजेंसी मेसर्स अंबाजी कन्सट्रक्शन्स द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के निर्देशों पर नपा सीएमओ पवन अवस्थी ने निर्माण एजेंसी को पत्र जारी होने के 2 दिवस में निर्माण कार्य शुरू करने का अल्टीमेट पत्र प्रेषित किया है। जारी पत्र में उल्लेख है कार्य आरंभ न करने की दशा में अनुबंध निरस्त कार्य पी.जी. राशि राजसात करते हुए निकाय में ब्लेड लिस्टेड कर दिया जाएगा।

निर्माण शुरू न होने से आमजन परेशान

आपको बतादें कि उक्त सड़क निर्माण कार्य आरंभ न होने के चलते वार्डवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग उबड़-खाबड़ होने से पैदल राहगीरों को खासी परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। इसके साथ ही मार्ग की खस्ताहालत के चलते दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। चूंकि बारिश का मौसम है ऐसे में समस्या और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। ऐसे में स्थानीय रहवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिका को अवगत कराया था। इसके उपरान्त जनहित को देखते हुए नपा ने ठेकेदार को अंतिम अल्टीमेटम पत्र जारी किया है।

बालिकाओं सुरक्षा आग्रह किया

पर्यावरण सहेजने छात्रावास में रोपे विभिन्न किस्मों के पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पौधे बच्चों के समान होते हैं जिनकी हमें तब तक देखभाल करनी होती है जब तक की वे बड़े होकर पेड़ न बन जाएं। पेड़ बनने पर उनकी देखभाल की आवश्यकता नहीं पडती है। ऐसे में जरूरी है कि आप सब बालिकाएं और स्टाफ आज रौपे जा रहे पौधों की नित देखभाल करें।

उक्त बात स्थानीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आयोजित पौधरोपण के दौरान जिला शिक्षा केंद्र से आईं राजेश तोमर द्वारा कही गई। इस दौरान छात्रावास वार्ड कृष्णा गड़वाल ने आश्वस्त किया कि बच्चियों के साथ स्टाफ भी पौधों के सहेजने के कार्य को तन्मयता से करेगा। इस दौरान छात्रावास में नीम, गुलमोहर, आम सहित अन्य किस्मों के पौधों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि कस्तूरबा छात्रावास अपने बेहतर प्रबंधन और छात्रावास की बालिकाओं की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। छात्रावास में बालिकाओं की सुविधा के लिए भोजन, पानी, नाश्ता इत्यादि के भी बेहतर इंतेजामात किए गए हैं।

सेवा सदन कार्यालय में जनसुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

जनता की सेवा ही मेरा सबसे सर्वोच्च दायित्वः मंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर स्थित सेवा सदन कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के आमजन के साथ एक आत्मीय मुलाकात और जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रशासन के सामने रखा। मंत्री गौतम टेटवाल ने जनता की इन बातों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर बात रखते हुए राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही सबसे सर्वोच्च दायित्व है। जनता से मिलने वाला अटूट विश्वास और स्नेह ही निरंतर समाज के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित होकर कार्य करने की असली प्रेरणा देता है। हमारा यह प्रयास है कि क्षेत्र के हर नागरिक की समस्या का समय पर समाधान हो सके ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सके।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी हुई शिकायतें मुख्य रूप से सामने आईं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और तय समय-सीमा के भीतर समस्याओं का निपटारा कर आम जनता को राहत प्रदान करें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला मंत्री मनोहर परमार, जनपद सदस्य राजेंद्र भीलाला, करण सिंह, अनिल, दिनेश भीलाला, मांगीलाल, राजेंद्र सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोग और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

नर्सिंग कॉलेज की सभी छात्राएं हुईं उत्तीर्ण, मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजगढ़ ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की एक और मिसाल कायम करते हुए सत्र की बी.एस.सी. नर्सिंग (प्रथम सेमेस्टर) परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। अप्रैल 2026 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय की सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुईं हैं। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्रों में भी इस उपलब्धि को कायम रखने की अपेक्षा जाहिर की। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मनीषा हटीला ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजगढ़ विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफलता के लिए ही नहीं, बल्कि एक कुशल, संवेदनशील एवं सेवाभावी नर्सिंग प्रोफेशनल के रूप में तैयार करने के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है इस कॉलेज के लिए 15 शिक्षकों का स्टाफ स्वीकृत है जिसकी तुलना में सिर्फ 5 शिक्षक ही विभाग ने पदस्थ कर रखे हैं। इसके बावजूद सभी छात्राओं के उत्तीर्ण होने को एक बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है।

खबर संक्षेप

भक्तों को कहीं कोई परेशानी ना हो: विधायक

आष्टा। प्रारम्भ हुए पवित्र श्रावण मास में भगवान भोले नाथ के भक्त बाबा की भक्ति, सेवा, पूजा, अभिषेक, तप, त्याग, संयम, प्रकृति संरक्षण और आत्मशुद्धि के कार्य मे पूरे माह रत रहते है। इस श्रावण महीने में पूजा-पाठ, दान और सदाचार का विशेष महत्व माना गया है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी नागरिको को पवित्र श्रावण मास के प्रारम्भ होने पर बधाई शुभकामनाएं दी है। आष्टा नगर में माँ पार्वती नदी के किनारे स्तिथ प्राचीन शंकर मन्दिर,नेवज-दूधी नदी के संगम स्थल दोमेल पर स्तिथ शिवालय, देवबड़ला, पार्वती नदी का उदगम स्थल सहित सभी क्षेत्रों में स्तिथ शिवालयों में पूरे माह हजारों की संख्या में भोले के भक्त,कावड़ यात्री भोले के दर्शन,पूजन,पवित्र नदियों के जल से अभिषेक के लिये शिवालयों में पहुचते है। भक्तों को,कावड़ यात्रियों को कही कोई परेशानी ना हो इसको लेकर आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता को निर्देशित किया कि आष्टा के व अन्य सभी प्रसिद्ध क्षेत्र के शिवालयों में पूरे माह खास कर श्रावण मास में पढ़ने वाले सभी सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त एवं कावड़ यात्री ग्राम ग्राम से कावड़ लेकर एवं माताएं बहने पवित्र जल लेकर आष्टा स्तिथ प्राचीन शंकर मन्दिर व अन्य सभी शिवालयों में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में अव्वल लाने हो रहे प्रयास

स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला: चौक चौराहों पर मोर्चा संभाल रहे नपाध्यक्ष

अभियान के तहत नगर के विद्यालयों में स्वच्छता पाठशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में अव्वल स्थान दिलाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विद्यालयों में स्वच्छता पाठशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा स्वयं मैदान में उतरकर चौक-चौराहों और नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और मौके पर ही सफाई कार्य संपन्न करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज स्थानीय पुष्प विद्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत स्वच्छता पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा थे एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मेलविन सीजे ने की।

प्रधानमंत्री के विजन और इंदौर के मॉडल का दिया उदाहरण

स्वच्छता पाठशाला में उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब पहली बार देश की बागडोर संभाली थी, तब उन्होंने 2 अक्टूबर को लाल किले की प्राचीर से संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। यह उसी दूरदर्शी सोच और जन-भागीदारी का परिणाम है कि आज हमारा इंदौर शहर पूरे देश में स्वच्छता के मामले में लगातार नंबर वन बना हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आष्टा नगर को भी स्वच्छता में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए हर नागरिक को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने सभी से स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या और आदतों में शामिल करने का आव्हान किया।

विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और नगर पालिका अमले को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे न स्वयं गंदगी करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। वे अपने घर, स्कूल और आसपास के परिसर को साफ-सुथरा रखकर आष्टा को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम को सोलेस्टियल वेस्ट मैनेजमेंट की प्रमुख शीना हुसैन द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि नगर में कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन चक्कर लगाकर नगर से कचरा एकत्रित करते है। आप सभी अपने परिवार, दोस्तों को घर व प्रतिष्ठान से निकलने वाला सूखा व गीला कचरा वाहन में बने अलग-अलग डस्टबिनों में डालने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पूरणसिंह मेवाड़ा, राजेन्द्र पंवार, अनुराग सारविया, राजकुमार अकेला, विनयसिंह, रोहित तिवारी, अनीश सोलंकी आदि मौजूद थे।

55 नवीन प्रवेशित छात्राओं को यूनिफॉर्म की वितरित

संस्कृति विद्यालय की अनूठी पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्कृति विद्यालय आष्टा ने सत्र 2026-27 के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। विद्यालय परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान संस्था में नया प्रवेश लेने वाली लगभग 55 छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस वितरित की गई। आयोजित वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आष्टा बीआरसी श्रीमान अजब सिंह राजपूत एवं वार्ड 15 के पार्षद श्री तेज सिंह राठौर तथा व पत्रकार श्री नीलेश जी शर्मा, श्री धनंजय जी जाट एवं श्री ओंकार सिंह जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने कर-कमलों से बालिकाओं को निःशुल्क ड्रेस प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सर्वेश उपाध्याय ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि हर वर्ष यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी, जिसके तहत नवीन प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस दी जाएगी। साथ ही, विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क (एडमिशन फीस) पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। साथ ही उपप्राचार्य श्री महेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि रूछात्राओं के लिए शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और आर्थिक रुकावटों को दूर करने के लिए यह नई योजना शुरू की गई है। संस्कृति विद्यालय आगे भी विद्यार्थियों के हित में ऐसी कई जनहितकारी योजनाएं लाता रहेगा। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यालय परिवार की इस नई परंपरा और शिक्षा के प्रति इस अभिनव प्रयास की जमकर सराहना की।

हिंदू समरसता कांवड़ यात्रा आज से प्रारंभ



जावर। विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से हिंदू समरसता कावड़ यात्रा 1 अगस्त शनिवार को प्रारंभ होगी, जल, जीवन और जंगल सुरक्षित हो, पर्यावरण सुरक्षित हो और समाज में समरसता के भाव के साथ यह कावड़ यात्रा का तृतीय वर्ष है, कावड़ यात्रा में सनातन के सभी समाज के लोग एक साथ बाबा का पूजन और कावड़ में जल भरकर जयकारे लगाते हुए,एक साथ चलेंगे, एक साथ ही भजन, एक साथ ही रात्रि विश्राम एक साथ ही भोजन करेंगे, समाज में एक संदेश देने के लिए कि हम सब एक हैं और हमें किसी प्रकार तोड़ा नहीं जा सकता, इस उद्देश्य को लेकर यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं, साथ ही बाबा महाकाल की महिमा एवं बाबा को जल चढ़ाकर क्षेत्र की सुख, शांति , समृद्धि के लिए बाबा से प्रार्थना करेंगे। क्षेत्र के सभी लोग इसमें सम्मिलित हो और अगर सम्मिलित ना हो सके तो इस कावड़ यात्रा के दर्शन अवश्य करें, यह बात विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने कही।

प्राचार्य मंजूर अली को विद्यालय परिवार ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों तक अपनी सेवाएं देकर हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारने वाले पीएम श्री कन्या शासकीय हाई स्कूल अहमदपुर के प्राचार्य मंजूर अली को शुक्रवार को विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

इसके बाद विद्यालय परिवार ने प्राचार्य मंजूर अली का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि मंजूर अली ने अपने कार्यकाल में विद्यालय को केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और गुणवत्ता का प्रतीक बनाया। उनके कुशल नेतृत्व, सरल स्वभाव और विद्यार्थियों के प्रति आत्मीय व्यवहार ने विद्यालय को नई पहचान दिलाई। अपने संबोधन में मंजूर अली ने विद्यालय परिवार, सहकर्मी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का जीवन कभी समाप्त नहीं होता।

सेवानिवृत्ति केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन शिक्षा और संस्कारों का रिश्ता जीवनभर बना रहता है। उन्होंने सभी को मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते रहने का संदेश दिया। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह के दौरान सेवानिवृत हुए प्रचार्य मंजूर अली ने विद्यालय में पढ़ने वाली-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, जिससे समारोह का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं करते हुए भावभीनी विदाई दी।

पर्यावरण संरक्षण और हरित क्रांति, वृक्ष गंगा अभियान के तहत हरियाली की पहल, रोपे गए 251 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्यावरण संरक्षण और 'हरित क्रांति' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) सिद्धीकगंज में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार (आष्टा) द्वारा संचालित 'वृक्ष गंगा अभियान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए 251 फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, गायत्री परिवार के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गायत्री परिवार और स्वास्थ्य विभाग का साझा प्रयास

वृक्षारोपण अभियान में अखिल विश्व गायत्री परिवार (गायत्री शक्तिपीठ आष्टा) की ओर से बद्री प्रसाद (लाइन मैन), जी. एल. नागर, शंकर लाल, भोपाल सिंह परमार, अर्जुन जायसवाल, रमेश चंद, दिनेश राजेंद्र एवं अन्य लोगो ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपराज बागरी के नेतृत्व में अस्पताल स्टाफ ने अपनी पूर्ण सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुपरवाइजर आर. के. नागर, एमपीडब्ल्यू बाबूलाल गढ़वाल, ममता पंचोली और निर्मल नायक सहित अस्पताल के समस्त कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की अहम भूमिका रही।

संदेश: पर्यावरण शुद्ध रहेगा, तो समाज स्वस्थ रहेगा

अस्पताल परिसर में पौधे लगाने से न केवल यहां आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को शुद्ध हवा मिलेगी, बल्कि परिसर का वातावरण भी सकारात्मक और ऊर्जावान बनेगा। केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, गायत्री परिवार और अस्पताल की पूरी टीम इन सभी 251 पौधों के उचित पालन-पोषण और संरक्षण का संकल्प लेती है। कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपराज बागरी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार (गायत्री शक्तिपीठ आष्टा) की पूरी टीम, अस्पताल स्टाफ और उपस्थित ग्रामीणों का हृदय से धन्यवाद किया। गायत्री शक्तिपीठ आष्टा द्वारा 'वृक्ष गंगा अभियान' के तहत हमारे अस्पताल परिसर को चुनने और 251 पौधों का रोपण करने के लिए हम पूरे गायत्री परिवार के आभारी हैं। साथ ही, हमारे अस्पताल के समर्पित स्टाफ और स्थानीय ग्रामीणों का भी धन्यवाद, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में अपना बहुमूल्य समय और योगदान दिया। सभी के सहयोग से आयोजन भव्य और सफल बन सका।

समाज के लिए मिसाल

वृक्षारोपण के दौरान पूरा परिसर उत्साह से सराबोर दिखा। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र की इस अनूठी पहल और गायत्री परिवार के प्रयासों की जमकर सराहना की। सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।

धर्म सभा में जिनवाणी का श्रद्धलुओं ने किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी अमृत रसा श्री जी महाराज साहब ने शुक्रवार को धर्म सभा में जिनवाणी का श्रवण करते हुए कहा कि हमें परमात्मा का अनमोल शासन मिला है। दुर्लभ मनुष्य भव प्राप्त हुआ है मनुष्य भव को हमें वेस्ट नहीं धर्म में इन्वेस्ट करना है हमें 84 लाख जीवा योनियों में भ्रमण करने के पश्चात उत्कृष्ट मानव भव मिला है उसके साथ ही हमें उत्तम जाती उत्तम कुल उत्तम धर्म और उत्तम योनि प्राप्त हुई है उसी के साथ परमात्मा महावीर प्रभु का हमें दुर्लभ शासन प्राप्त हुआ है इतना होने के बाद भी अगर हम अपने जीवन को धर्म में इन्वेस्ट नहीं करते हैं तो हमारा मानव भव बेकार हो जाएगा साधु नाम दर्शनम पुण्यं अर्थात साधु के दर्शन मात्र से ही अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। जिनवाणी के प्रति हम सच्ची आस्था श्रद्धा समर्पण भाव से ही हमारी आत्मा का कल्याण का कल्याण होगा जिनवाणी यानी जिनेश्वर परमात्मा के वचन पर सच्ची श्रद्धा रखना। श्रद्धा है वहीं साक्षात परमात्मा है। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के संपूर्ण दिवस प्रभावना साधार्मिक भक्ति का लाभ लाभार्थी सुरेश चंद संदीप कुमार प्रणय कुमार चत्तर परिवार द्वारा लिया गया जैन श्री संघ पारा,जोबट द्वारा प्रभावना की गई पारसमल निलेश कुमार रितेश कुमार अक्षय कुमार भंडारी, समरथमल शुभम कुमार संकेश कुमार चोरडिया परिवार द्वारा साध्वी जी को वाचन हेतु शास्त्र वोहराया गया। ज्ञान पूजा आरती आदि को संपन्न किया गया उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बौस एवं सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सीहोर की कार्यकारिणी का गठन

हिमांशु नगर अध्यक्ष, नगर मंत्री बने खुशहाल मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नगर इकाई सीहोर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संयोजक विष्णु ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सत्र 2026-27 के लिए नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई घोषित कार्यकारिणी में हिमांशु राय सर को नगर अध्यक्ष एवं खुशहाल मोटवानी को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। नगर सहमंत्री के रूप में नागेश बैरागी, गौतम देशराज, सौरभ माहेश्वरी, तनु राठौर एवं पल्लवी धाकड़ को दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार लक्ष्य समाधिया को नगर महाविद्यालय प्रमुख, हर्षित बिछोला को नगर महाविद्यालय सह प्रमुख, शिवम राजपूत को नगर विद्यालय प्रमुख, केशव गोहिया को नगर विद्यालय सह प्रमुख, नीरज राठौर को नगर कार्यालय मंत्री तथा देवेन्द्र मालवीय को नगर कार्यालय सहमंत्री बनाया गया।

सोशल मीडिया प्रमुख का दायित्व वरुण कुशवाह तथा सह प्रमुख के रूप में कृष्णा एवं अभिषेक राठौर को सौंपा गया। नगर छात्रा प्रमुख मांशी मालवीय तथा सह प्रमुख तिशा चौकसे एवं आरती यादव को बनाया गया। नगर निजी विश्वविद्यालय संयोजक शिवांग तथा सह संयोजक राहुल मालवीय एवं दिव्यांश चन्द्रवंशी नियुक्त हुए। नगर एसएफएस प्रमुख प्रथम सोनी एवं सह प्रमुख अरुण मेहरा और उपेन्द्र वर्मा बनाए गए। नगर एसएफडी प्रमुख नवीन मालवीय तथा सह प्रमुख विनायक जोशी एवं हिमांशु कुशवाह को दायित्व मिला। राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख आरती यादव तथा सह प्रमुख कुनाल राजपूत एवं राजकुमार खत्री बनाए गए। नगर खेलो भारत प्रमुख अमन सिंदोरिया तथा सह प्रमुख आलोक मालवीय एवं प्रीति परमार नियुक्त हुए। नगर छात्रावास प्रमुख डॉली जाट तथा सह प्रमुख अपूर्वा को दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में हृदेश, प्रशांत, पियूष, हर्षित पंवार एवं दायित्व गौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न जिम्मेदारियां दी गईं।

चातुर्मास कलश स्थापना समारोह रविवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिगम्बर जैन दिव्योदय तीर्थ किला पर इस वर्ष दो मुनि संघ का चातुर्मास चल रहा है प्रतिदिन सुबह से लेकर सायंकाल तक प्रवचन व धार्मिक आराधना वाचना सम्पन्न हो रही है। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री शरद जैन व चातुर्मास धर्म प्रभावना संघ के मुख्य सयोजक मंनोज गोपी सेठी व अमन जैन ने बताया कि मुनि श्री मुनि सागर महाराज ऐलक श्री मंथन सागर महाराज व मुनि श्री अभेद सागर महाराज आष्टा नगर गौरव मुनि श्री अगर्भ सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में चातुर्मास कलश स्थापना का भव्य समारोह 2 अगस्त दिन रविवार को स्थानीय मानस भवन परिसर में दोपहर 1 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारियों में लगे विकाश जैन अरिहन्त जैन के अनुसार चातुर्मास कलश स्थापना का आयोजन एक भव्य आयोजन है जिसमे पूज्य मुनि संघ का सानिध्य व विदुषी ब्रम्हचारिणी मंजुला दीदी व राजदीप जैन शास्त्री भोपाल व ब्रम्हचारी चिद्रूप भैया के मार्गदर्शन कुशल निर्देशन में सम्पन्न होगा जिसको लेकर समिति द्वारा व्रहद स्तर पर तैयारियां की गई है जयपुर से बुलवाए गये स्वर्णमय आकर्षक कलशों के पात्रो का चयन किया जाएगा जिन्हें चार माह के लिए मंदिर जी मे स्थापित किया जाएगा। आचार्य विद्यासागर पाठशाला की शिक्षि का बहनों द्वारा रंगारंग सांस्क्रतिक प्रस्तुति दी जाएगी प्रसिद्ध सुमधुर जैन भजन गायक शरद जैन द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन में कर्नाटक के बीजापुर मुम्बई, नई दिल्ली, पिड़ावा,भोपाल आदि नगरों से गुरु भक्तों के आने के समाचार प्राप्त हुए है।